FIROZABAD POLICE
सुरक्षा आपकी
संकल्प हमारा

प्रेस नोट दिनाँक 12-11-2026 पुलिस मुठभेड़ थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन आगरा एवं श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक आगरा परिक्षेत्र आगरा के निर्देशन में तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री आदित्य लांग्हे के निकट पर्यवेक्षण में थाना सिरसागंज पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 572/26 धारा 103(1), 238 बीएनएस में वांछित अभियुक्त आमिर उर्फ सलमान खान को पुलिस मुठभेड़ के दौरान किया गया गिरफ्तार।

- **पुलिस मुठभेड के दौरान अभियुक्त आमिर उर्फ सलमान खान पैर में गोली लगने से हुआ घायल।**
- **अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मो0सा0 नं0 UP83 AN 4291, एक सूजा (आलाकत्ल), घटना के दौरान अभियुक्त द्वारा पहने गये रक्तरंजित कपडे, मृतक का क्षतिग्रस्त मोबाइल ओपो कम्पनी, मृतक का पर्स जिसमें मृतक का आधार कार्ड, आधार कार्ड की छाया प्रति व 04 फोटो, 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 02 खोखा कारतूस 315 बोर एवं 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद।**
- **घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु अस्पताल में कराया गया भर्ती।**

दिनांक 10-11-2026 को थाना सिरसागंज क्षेत्रान्तर्गत एक अज्ञात युवक का शव मिला था जिसकी पहचान फईम अहमद पुत्र बाबू निवासी मोहल्ला तिगरी वार्ड नं. 07 थाना व कस्बा शीशगढ़ जनपद बरेली के रुप में हुई थी। घटना के संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना सिरसागंज पर मु0अ0सं0 572/26 धारा 103(1), 238 बीएनएस पंजीकृत किया गया था।

इसी क्रम में उक्त घटना में नामजद वांछित अभियुक्त आमिर उर्फ सलमान खान की गिरफ्तारी हेतु श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक आगरा, जोन आगरा महोदय व श्रीमान पुलिस उप महानिरीक्षक आगरा परिक्षेत्र आगरा महोदय के निर्देशन में एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री आदित्य लांग्हे के निकट पर्यवेक्षण में 03 पुलिस टीमों का गठन किया गया था। नामजद वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु गठित पुलिस टीमों द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा था। इसी क्रम में मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि मु0अ0सं0 572/26 में वांछित अभियुक्त अपने गांव की तरफ से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल व अन्य सामान को छिपाने की फिराक में कहीं जा रहा है। प्राप्त सूचना पर थाना सिरसागंज पुलिस टीम द्वारा नगला छोटे से शिकोहाबाद जाने वाली सडक पर चैकिंग की जा रही थी। थाना सिरसागंज पुलिस टीम को अहमदपुर बम्बा के पास एक संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध मोटर साइकिल सवार व्यक्ति को रुकने का इशारा किया गया, जिस पर संदिग्ध मोटर साइकिल सवार व्यक्ति द्वारा पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी गई। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी कार्यवाही में संदिग्ध मोटर साइकिल सवार व्यक्ति पैर में गोली लग जाने के कारण घायल हो गया। घायल संदिग्ध व्यक्ति की पहचान मु0अ0सं0 572/26 धारा 103(1), 238 बीएनएस में वांछित अभियुक्त आमिर उर्फ सलमान

खान पुत्र असमुद्दीन खान निवासी अहमदपुर थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद के रुप में हुई है। घायल अभियुक्त को तत्काल उपचार हेतु पुलिस अभिरक्षा में अस्पताल भिजवाया गया है। अभियुक्त आमिर उर्फ सलमान खान के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल नं0 UP83 AN 4291, एक सूजा (आलाकत्ल) ,घटना के दौरान अभियुक्त द्वारा पहने गये रक्त रंजित कपडे, मृतक का क्षतिग्रस्त मोबाइल ओपो कम्पनी, मृतक का पर्स जिसमें मृतक का आधार कार्ड, आधार कार्ड की छाया प्रति व 04 फोटो एवं 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 02 खोखा कारतूस 315 बोर एवं 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किये गये हैं। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम व पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्त -

1. आमिर उर्फ सलमान खान पुत्र असमुद्दीन खान निवासी अहमदपुर थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।

बरामदगी का विवरण -

1. घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल हीरो एचएफ डीलक्स नं0 UP83 AN 4291।
2. एक सूजा (आलाकत्ल)।
3. घटना के दौरान अभियुक्त द्वारा पहने गये रक्तरंजित कपडे।
4. मृतक का क्षतिग्रस्त मोबाइल ओपो कम्पनी।
5. मृतक का पर्स जिसमें मृतक का आधार कार्ड, आधार कार्ड की छाया प्रति व 04 फोटो।
6. एक अवैध तमंचा 315 बोर।
7. 02 खोखा कारतूस 315 बोर।
8. 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर।

आपराधिक इतिहास अभियुक्त आमिर उर्फ सलमान खान उपरोक्त –

01. मु0अ0सं0 572/26 धारा 103(1), 238 बीएनएस थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।

गिरफ्तारी / बरामदगी करने वाली पुलिस टीम –

1. प्रभारी निरीक्षक श्री अनिल कुमार सिंह थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।
2. उ0नि0 विरेन्द्र कुमार थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।
3. उ0नि0 रविशंकर निषाद थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।
4. हे0का0 पवन कुमार थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।
5. का0 127 अमित सिंह थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।
6. का0 360 दिलीप कुमार थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।
7. का0 865 आयुष त्यागी थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।
8. का0 860 दिनेश कुमार थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।
9. का0 1810 सागर थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।